# धनतेरस पर बाजार में खरीददारी, करोड़ों का हुआ कारोबार



**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 18 अक्टूबर।** आरोग्य, संपन्नाता के शुभ दिन, शुभ मुहूर्त धनतेरस पर पूजा अर्चना के साथ लोगों ने शगुन की खरीदारी की। सराफा की दुकानों, शोरूमों पर सबसे ज्यादा रौनक रही। इसके अलावा बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक, आटोमोबाइल सेक्टर में भी ग्राहकों की भीड़ रही। दीपोत्सव के लिए लोगों ने रेडिमेड कपड़े खरीदने में ज्यादा रुचि दिखाई। भिंड, लहार, गोहद, मेहगांव, मालनपुर, गोरमी, फूफ के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ रही। इसके चलते जाम लगने जैसे हालात दिनभर बनते रहे। धनतेरस पर जिलेभर में 15 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ। धनतेरस पर गहनों के शोरूमों पर शनिवार को दोपहर बाद से ही भीड़ रही। होलमार्क के जेवरात खरीदी में लोगों ने ज्यादा रुझान दिखाया। ग्रामीण अंचल को छोड़ दिया जाए तो इस बार छोटे सराफा व्यापारियों का कारोबार उम्मीद के मुताबिक नहीं हुआ। कई छोटे सराफा व्यापारियों के यहां तो दोपहर बाद भी ग्राहकों की संख्या कम ही रही। इसके बावजूद पूरे जिले में धनतेरस पर करीब पांच करोड़ रुपये के गहने, सिक्के और बर्तन आदि बिकने का अनुमान है। धनतेरस पर चांदी की खरीदारी ज्यादा हुई। धनतेरस के अच्छे और शुभ मुहूर्त में शादी समारोह के लिए भी जेवरात खरीदे गए। कई लोगों ने धनतेरस के लिए पहले ही जेवरात की बुकिंग करवा दी थी।

**बर्तन कारोबार तीन करोड़ से ज्यादा:** शनिवार को मंगल धनतेरस पर बर्तनों की खरीदारी भी खूब हुई। मंगलवार को बर्तन बाजार के साथ होम एप्लायसेंस के शोरूमों पर भी भीड़ रही। बर्तन, होम एप्लायसेंस और क्राकरी आदि में जिलेभर में तीन करोड़ से ज्यादा खर्च किए गए। तांबे और पीतल के बर्तनों के आकर्षक और नए डिजाइनों ने लोगों को खूब लुभाया।

**मोबाइल और इलेकट्रॉनिक्स में दो करोड़:** आनलाइन कक्षाओं का दौर होने से इस बार धनतेरस पर इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में लैपटाप और मोबाइल फोन की खूब बिक्री हुई। एलइडी टीवी, एयरकंडीशनर, फ्रिज, वाशिंग मशीन के साथ अन्य तमाम घरेलू उपकरणों की जमकर खरीदारी हुई। काजी सेल्स के संचालक यूसुफ काजी का कहना है धनतेरस पर इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का बाजार ठीक रहा। बाजार में इलेक्ट्रोनिक के अन्य उपकरणों को भी शामिल किया जाए तो धनतेरस पर करीब दो करोड़ रुपए की खरीदारी जिलेभर में हुई है।

## महाप्रबंधक ने वृद्धाश्रम में मनाई धनतेरस, वृद्धजन हुए भावुक



**भिंड।** धनतेरस के पावन अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, वृत्त भिण्ड के महाप्रबंधक अमरेश शुक्ला एवं वृत्त कार्यालय के समस्त स्टाफ ने मानवता और सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्थानीय वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वरिष्ठ नागरिकों के साथ त्यौहार मनाया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक शुक्ला द्वारा वृद्धजनों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सभी वृद्धजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया एवं उपहार स्वरूप वस्त्र एवं उपयोगी सामग्री भेंट की गई। यह दृश्य अत्यंत भावुक कर देने वाला रहा, जब वृद्धजनों ने स्नेह और आशीर्वाद के साथ सभी अतिथियों को अपना परिवार मानकर आशीष प्रदान किए।

# 12 साल बाद न्याय : क्षतिपूर्ति राशि न देने पर वाहन कुर्क

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 18अक्टूबर।** क्षतिपूर्ति राशि न जमा करने पर गोहद न्यायालय के आदेश से स्ठरू कार्यालय का बुलेरो वाहन कुर्क कर लिया गया। यह कार्रवाई द्वतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड 2 गोहद के न्यायालय से जारी वारंट के बाद 14 अक्टूबर को की गई। मामला विहारी नगर, पंचमपुरा, गोहद का है, जहां सर्वे नंबर 698 पर स्थित पीड़ित सरमनलाल का मकान प्रशासन ने अवैध बताते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में जमींदोज कर दिया था। जबकि पीड़ित उस भूमि का वैध स्वामी था। न्याय न मिलने पर सरमनलाल ने व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, गोहद में दावा पेश किया। 21 दिसंबर 2017 को न्यायालय ने सरमनलाल के पक्ष में निर्णय देते हुए डिक्री जारी की। शासन ने इस फैसले के खिलाफ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में अपील क्रमांक 17/2018 दायर की, लेकिन वहां भी राहत नहीं मिली और निचली अदालत का फैसला यथावत रखा गया।

पीड़ित ने इसके बाद आर्थिक हानि की वसूली के लिए प्रकरण क्रमांक 04/ 2022 इजरा (बसूली) की कार्यवाही हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। न्यायालय ने इस पर सुनवाई करते हुए 9 अक्टूबर 2025 को कुर्की आदेश जारी किया, जिसके तहत एसडीएम गोहद की बुलेरो वाहन (क्रमांक स्क्क 02 ड्ड 6938) को कुर्क कर लिया गया। एडवोकेट ह्रदेश शुक्ला ने बताया कि पीड़ित को न्याय प्राप्त करने में पूरे 12 वर्ष लग गए। इस दौरान सरमनलाल का निधन हो गया और अब यह प्रकरण उनकी पत्नी सरवती बाई बनाम शासन के नाम से संचालित है।वर्तमान में वसूली जाने वाली राशि 5,40,000 है, जबकि कुर्क की गई बुलेरो की कीमत लगभग 3,50,000 बताई जा रही है। न्यायालय के आदेश अनुसार अगली बसूली कार्रवाई में तहसीलदार के वाहन की कुर्की की जाएगी। वहीं, शासन की ओर से अभिभाषक के.सी. उपाध्याय ने न्यायालय में आवेदन देकर दो माह का समय मांगा है। इस मामले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि न्याय में देरी हो सकती है, लेकिन न्याय मिलता अवश्य है — 12 वर्षों बाद सही, पर गोहद न्यायालय ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया।

# दीवाली को लेकर जिला अस्पताल अलर्ट मोड पर



**सीएमएचओ ने किया निरीक्षण, सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश**

**भिंड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एस. यादव ने सिविल सर्जन डॉ. आरके मिश्रा तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अनिल गोयल के साथ जिला अस्पताल भिंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य दीपावली पर्व के दौरान संभावित दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों से निपटने के लिए अस्पताल की तैयारियों का परीक्षण करना था। डॉ. यादव ने विशेष रूप से बर्न वार्ड, कैजुअल्टी, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और आपात चिकित्सा इकाइयों का जायजा लिया। उन्होंने उपचार सुविधाओं, औषधि भंडारण, ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता, तथा बर्न वार्ड की मशीनरी और उपकरणों की कार्यप्रणाली की बारीकी से जांच की। सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि दीवाली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर मरीजों को तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए अस्पताल के प्रत्येक विभाग में निर्धारित ड्यूटी रोस्टर का कड़ाई से पालन हो तथा सभी चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ अपने कार्यस्थल पर समय पर उपस्थित रहें।

उन्होंने बर्न वार्ड को विशेष रूप से अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि आकस्मिक स्थितियों के लिए दवाई, प्लास्टर सामग्री, पट्टियां, एंटीसेप्टिक द्रव एवं ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

डॉ. जे.एस. यादव ने जिलेवासियों से अपील की है कि दीपावली के दौरान पटाखों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें, बच्चों को बिना निगरानी के पटाखे न चलाने दें, तथा आग से संबंधित वस्तुओं के उपयोग में सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि एक छोटी-सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है, अतः त्योहार को सुरक्षित, खुशहाल एवं पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाएं।

### जनता से सावधानी बरतने की अपील

इस निरीक्षण में डॉ. आर. के. मिश्रा, डॉ. अनिल गोयल सहित जिला अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। सभी ने त्योहार के दौरान अस्पताल को पूर्ण रूप से तैयार रखने का आश्वासन दिया।

## पटवारी से मारपीट, चार दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर

भिंड। पिपरसाना गांव में अतिक्रमण चिन्हित करने पहुंचे पटवारी के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करने वाले आरोपियों के खिलाफ चार दिन की देरी के बाद आखिरकार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। घटना 15 अक्टूबर की शाम करीब 5:15 बजे की है, जबकि एफआईआर शुक्रवार देर रात को दर्ज की गई। फरियादी अतर सिंह कुशवाह (57 वर्ष), निवासी गोहारा और हल्का क्रमांक 53 पिपरसाना के पटवारी ने थाने में दी गई रिपोर्ट में बताया कि वह शासकीय कार्य के तहत सरकारी नक्शे के आधार पर भूमि का मिलान कर अतिक्रमण की पहचान कर रहे थे। इसी दौरान चौकीदार राजेश भी उनके साथ मौजूद था। जब पटवारी सरपंच पतिराम जाटव के घर के बाहर मुख्य सड़क पर पहुंचे, तभी गांव के चिम्पी उर्फ संजीव गुर्जर और मोनू उर्फ मनोज कटारे आ पहुंचे। आरोपियों ने पटवारी से पूछा कि कौन-कौन से सर्वे नंबर देखे हैं? जब पटवारी ने कहा कि यह जानकारी वे वरिष्ठ अधिकारियों को देंगे, तो दोनों आरोपियों ने मौके पर ही गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके विरोध पर मोनू कटारे ने पटवारी की कॉलर पकड़ ली, जिससे उनकी शर्ट के बटन टूट गए। वहीं चिम्पी गुर्जर ने थप्पड़ मारकर हाथ में लिए शासकीय दस्तावेजों, नक्शे और किसान आईडी सूची को फाड़ दिया। पटवारी ने बताया कि वे ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण तुरंत रिपोर्ट नहीं करा सके। बाद में हल्का पटवारी रोहित झा के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों चिम्पी गुर्जर और मोनू कटारे के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और जान से धमकाने की धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राम पंचायत पिपाँहड़ी में भ्रष्टाचार का आरोप, राशि निकलने के बाद भी नहीं हुआ निर्माण कार्य

**गोहद।** ग्राम पंचायत पिपाँहड़ी (जनपद पंचायत गोहद) में सरपंच एवं सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत के सरपंच और सचिव ने पंचायत के विकास कार्यों की राशि निकालकर निजी उपयोग में खर्च कर दी, जबकि मौके पर कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया।

शिकायतकर्ता ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत भिण्ड को दिए आवेदन में बताया कि सी.सी. रोड निर्माण (नवीन पंचायत भवन परिसर) के नाम से स्वीकृत कार्य पर दिनांक 29 दिसंबर 2024 को 15वां वित्त (अनटाइड) की राशि 1,51,500/- मंशादेवी ट्रेडर्स के नाम से व्यय दर्शाई गई है। हालांकि, शिकायतकर्ता ने दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को मौके से नोटकैम द्वारा फोटो लेकर यह प्रमाणित किया है कि आज तक उक्त स्थल पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। आवेदन के साथ उन्होंने यह फोटो भी साक्ष्य के रूप में संलग्न किया है। ग्रामवासियों ने भी बताया कि पंचायत में इस प्रकार की अनियमितताएं पहले भी की जा चुकी हैं, लेकिन इस बार सीसी रोड निर्माण की राशि निकालने के बाद कार्य न कराए जाने से ग्रामीणों में रोष है। शिकायतकर्ता ने जिला पंचायत से सरपंच एवं सचिव के विरुद्ध जांच कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है ।

# शा . विद्यालय में दीपावली मिलन




**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 18अक्टूबर।** नगर के प्रतिष्ठित शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 संदीपनी कैंपस 2 में आज दीपावली मिलन समारोह भव्य आयोजन के साथ संपन्न किया गया इस दीपावली मिलन समारोह में विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य रंगोली दीप निर्माण एवं दीपावली चित्रांजलि का भव्य प्रस्तुतीकरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेंद्र गौतम द्वारा छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए उनके स्वर्ण भविष्य निर्माण के बारे में श्रेष्ठ मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी खंड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज के द्वारा शिक्षा के महत्व का वर्णन करते हुए आगे बढ़ाने के लिए कला कौशल के माध्यम से उच्च तकनीक की शिक्षा प्राप्त करने की बात कही गई बीआरसी गोहद विजय शर्मा द्वारा दीपावली और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर चर्चा करते हुए कहा की दीपावली का त्यौहार हमें स्वच्छता और समरसता की प्रेरणा प्रदान करता है उप प्राचार्य धर्मेंद्र भदोरिया ने संदीपनी विद्यालय की योजना और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की योजना पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की सांदीपनि विद्यालय तत्कालीन योग और वर्तमान के सरोकारों पर आधारित है जो श्रेष्ठ संस्कारों के लिए निजी विद्यालयों से आगे बढ़कर स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करेगा और संस्था प्रमुख आचार्य बृजमोहन शर्मा ने दीपावली और समरसता पर अपने विचार व्यक्तित्व करते हुए कहा कि जिस प्रकार दीपावली में हम तन मन धन से भाव में हो जाते हैं इस प्रकार से आज समाज को समरस और एक रस बनाने की माहिती आवश्यकता है और आवश्यकता यह है की दीपावली अवसर पर हम स्वदेशी की शपथ लेते हुए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हुए भारत का गौरव बढ़ाया बीएससी तोमर वरिष्ठ एडवोकेट महेश श्रीवास्तव समाजसेवी ओम प्रकाश आर्य द्वारा भी समाज में दीपावली की उपयोगिता और आज की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को सफलता मिली- रामशेष



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव । 18 अक्टूबर।** शनिवार को जिला कॉग्रेस कार्यालय भिण्ड में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोलते हुए जिला कॉग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने समस्त पत्रकार बंदुओं और कॉग्रेस कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामाऐं देते हुए बताया है,कि भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खडगे एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की मंशा अनुसार मध्यप्रदेश कॉग्रेस कमेठी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कॉग्रेस कमेठी भिण्ड को वोट चोर गद्दी छोड सदस्यता अभियान में एक लाख व्यक्तियों के हस्ताक्षर कराने का लक्ष्य दिया था ग्रामीण जिला कॉग्रेस कमेठी ने जिले में 80 हजार सदस्यों के हस्ताक्षर कराकर लक्ष्य पूर्ण कर लिया है,और समूचे जिले में एक लाख का लक्ष्य प्राप्त किया।

जिला कॉग्रेस कमेठी भिण्ड हस्ताक्षर अभियान में सहयोग करने वाले कॉग्रेस जनों का स्वागत भी किया गया।

श्री बघेल ने कहा कि किसानों के हित में आवाज उठाने के कारण मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर भाजपा सरकार द्वारा द्वेषपूर्ण तरीके से दर्ज की गई एफआईआर का समूची कांग्रेस पार्टी विरोध करती हैं,किसान की आवाज उठाने के कारण की गई एफआईआर से भारतीय जनता पार्टी का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। किसान की पीड़ा को समझते हुए कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सोयाबीन का बोरा कंधे पर लादकर डेढ किलोमीटर दूर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर पहुंचे तो उनके साथ सैकड़ों किसान थे। एक किसान का बेटा भारत सरकार के कृषि मंत्री से सवाल कर रहा था,और भाजपा द्वारा की गई चुनावी घोषणाओं क्रो पूरा करने की मांग कर रहा था। लेकिन भाजपा द्वारा वादे पूरे करने का वादा करने की बजाय द्वेषपूर्ण तरीके से श्री पटवारी पर एफआईआर दर्ज कराई गई। और उनपर आरोप लगाया गया कि वह बिना अनुमति प्रदर्शन कर रहे थे। जिला कॉग्रेस ने म0प्र0 सरकार से पत्रकार बंधुओं के लिये सर्वसुविधा युक्त पत्रकार भवन बनाने की मांग की है,और कहा कि इस संबंध में जिला कॉग्रेस की ओर से एक पत्र मुख्यमंत्री म0प्र0 शासन को भेजा जावेगा। वार्ता में मुख्य रूप से अभियान के जिला संयोजक जय श्री राम बघेल, जिला प्रभारी महेश जाटव, मीडिया प्रभारी व जिला सह प्रभारी पंकज त्रिपाठी, जिला सह प्रभारी अरविंद यादव, संगठन मंत्री इरशाद अहमद, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया, कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप गोयल,डॉ. शिवेंद्र सिंह कुशवाह,केदार कौशल,राहुल सिंह कुशवह,रामपाल सिंह भदौरिया करू,रामबरन सिंह नरवरिया,संदीप बघेल आदि उपस्थित रहे।

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी हमारा संकल्प : ऊर्जा मंत्री तोमर

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर दिए बड़े संदेश**




**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 18अक्टूबर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को भिंड में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत का वास्तविक विकास तभी संभव है जब देशवासी स्वदेशी उत्पादों को अपनाने को प्राथमिकता दें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन को देश की प्रगति का आधार बताते हुए नागरिकों से 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसका रास्ता स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की भावना से होकर गुजरता है। जब देश अपने ही उत्पादों पर निर्भर होगा, तभी हम एक मजबूत वैश्विक शक्ति बन सकेंगे। तोमर ने कहा कि भारत तेजी से रक्षा उपकरण, मोबाइल निर्माण, अंतरिक्ष तकनीक, दवा उद्योग और कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने बताया कि 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियान राष्ट्र की आर्थिक मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले भारत कई महत्वपूर्ण वस्तुओं के लिए विदेशी देशों पर निर्भर था, लेकिन आज भारत न सिर्फ अपने लिए बल्कि अन्य देशों के लिए भी उत्पादन कर रहा है। ऊर्जा मंत्री ने कोविड महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि जब पूरी दुनिया संकट में थी, तब भारत ने अपनी स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर लाखों लोगों का जीवन बचाया और अन्य देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह भारत की वैज्ञानिक क्षमता और स्वदेशी आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण था।

तोमर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल बड़े उद्योगों की स्थापना भर नहीं है, बल्कि गांवों, छोटे उद्योगों, कारीगरों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक शक्ति में परिवर्तित करना है। जब गांव सशक्त होंगे, तब भारत सशक्त होगा, उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ग्रामीण उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर रोजगार के लाखों अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

# धन्वंतरि जयंती पर वनस्पति पूजन कार्यक्रम आयोजित

**फाउंडेशन ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश**



भिंड। नव वसुंधरा श्रंगार जनकल्याण फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम भटमासपुरा स्थित नक्षत्र वाटिका में भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर वनस्पति पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में यह संदेश देना था कि वनस्पति ही मानव जीवन का आधार हैं और प्रकृति के संरक्षण के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है।

कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरेकृष्ण शर्मा आज़ाद ने कहा कि देश में अनेक दुर्लभ औषधीय पौधे विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने बताया कि अपामार्ग जैसे पौधे पाइल्स और किडनी स्टोन जैसी बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में इन दिव्य वनस्पतियों को नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से वनस्पतियों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव ने वनस्पतियों को मानव जीवन का प्राकृतिक रक्षक बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसकी रक्षा करनी चाहिए।

वहीं जिला नक्षत्र वाटिका प्रभारी सोनू बघेल ने कहा कि वनस्पति मानव जीवन के लिए अमृत के समान है, जो प्रतिदिन हमें जीवनदायी ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने आग्रह किया कि आधुनिक जीवनशैली में प्रकृति को नुकसान पहुंचाने की बजाय उसके महत्व को समझते हुए संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में ग्राम सरपंच अजीत शाक्य ने फाउंडेशन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर मंदिर के पुजारी हरिओम दास महाराज, ग्राम सरपंच अजीत शाक्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरेकृष्ण शर्मा आजाद, उपाध्यक्ष धर्मवीर यादव के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यालयों में आंतरिक परिवाद समिति बनेगी

**सीहोर.** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कलेक्टर बालागुरू के द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत ऐसे सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय, निजी स्थापनाएं एवं कार्यालय जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उनका सर्वे कार्य करवाते हुए आंतरिक परिवाद समिति का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं. कलेक्टर बालागुरू के द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिले के 10 से अधिक कर्मचारियों वाले कार्यालय के कार्यालय प्रमुख इस अधिनियम के तहत अपने कार्यालय में सर्वे कार्य एवं आंतरिक समिति का गठन कर प्रारूप में जानकारी जिला श्रम पदाधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी को 3 दिनों में भेजें.

# रक्तदान शिविर आयोजित, मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण





प्रमोद चौधरी ने जन्मदिन पर दंदरौआ धाम पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन किए और श्रीश्री 1008 रामदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के पश्चात जैसे ही वे क्षेत्र भ्रमण पर निकले, जगह-जगह समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया ।

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 18 अक्टूबर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव चौधरी प्रमोद शर्मा के सम्मान में आज मेहगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, सामाजिक संगठनों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर स्वेच्छा से रक्तदान किया और मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्वितीय संदेश दिया।

रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और सहयोग की भावना को नई दिशा प्रदान की। रक्त की प्रत्येक यूनिट ज़रूरतमंद मरीज को जीवनदान देने में सहायक होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी प्रमोद शर्मा ने कहा कि रक्तदान एक ऐसी सेवा है जो सीधे-सीधे जीवन बचाने से जुड़ी है। यदि समाज का हर स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में मात्र एक बार भी रक्तदान करे, तो देश में किसी को रक्त की कमी के कारण अपनी जान न गंवानी पड़े। मानवता हमारी सबसे बड़ी पहचान है और यही हमारा धर्म है। इस मौके पर विवेक पचौरी, आशुतोष शर्मा, संजीवनी रक्तदान संगठन से रोमा शर्मा, बबलू सिंधी, दीपक चावला, आशीष शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।